**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 667**
**06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## सेंट्रल विस्टा परियोजना की स्थिति

**667. श्रीमती माला रायः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सेन्ट्रल विस्टा परियोजना का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके पूरा होने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ख) क्या उक्त परियोजना की लागत में कोई वृद्धि हुई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) सेंट्रल विस्टा एवेन्यू, नई संसद भवन और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का विकास और पुनर्विकास का कार्य पूरा हो चुका है। सीसीएस-1, 2 और 3 तथा सीसीएस-10 का निर्माण कार्य अभी चल रहा है, जिसके पूरा होने की अनुमानित तिथि क्रमशः मई 2025 और अप्रैल 2026 है।

(ख) और (ग) नए संसद भवन और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में लागत में वृद्धि निम्नलिखित कारणों से हुई -

I. 01.07.2022 से जीएसटी दर 12% से बढ़ाकर 18% की गई ।
II. कार्य निष्पादन अवधि के दौरान स्टील, सीमेंट की कीमतों में वृद्धि और श्रमिक मजदूरी में वृद्धि के कारण भुगतान में वृद्धि ।
III. कार्य निष्पादन के दौरान सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तय किए गए अतिरिक्त सुरक्षा प्रावधान।
IV. नये संसद भवन के लिए भूकंप जोन-5 के अनुसार संरचना के डिजाइन में परिवर्तन।

*****